मप्र में हस्तशिल्प और हथकरघा क्षेत्र का विकास करेगा ईडीआईआई, एमओयू किए साइन

भोपाल, दोपहर मेट्रो

मप्र में हस्तशिल्प और हथकरघा क्षेत्र का भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई) द्वारा विकास किया जाएगा।

यह जानकारी संस्था के महानिदेशक डॉ. सुनील शुक्ल ने उद्यमिता की परियोजनाओं पर चर्चा में कही। उन्होंने कहा कि चंदेरी और महेश्वर में हथकरघा, बैतूल में टेरा-कोट्टा और ग्वालियर में कालीन प्रमुख उत्पाद हैं। क्लस्टर विकास में

तकनीकी विशेषज्ञता के साथ लोगों को बढ़ावा देने संसाधनों और कौशल विकास किया जाएगा। इसी दिशा में मप्र के प्रमुख संस्थानों जैसे मप्र कौशल विकास मिशन, राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर और राज्य सरकार के साथ कई अन्य एमओयू किया है। राज्य में प्रमुख शिक्षा संस्थानों के सहयोग से ईडीआईआई का इरादा फिनटेक, एडुटेक, क्लीनटेक, हेल्थटेक, बायोटेक, आदि जैसे प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में छात्र उद्यमिता के लिए एक अनुकूल माहौल बनाना है।